Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 27 May 2024

Dainik Jagran Page - 02, 05

गोवि में 16 जुलाई से शुरू हो जाएगी पढ़ाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : परीक्षा के अनियमित आयोजन की शिकायतों को दूर करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने सत्र को नियमित करने की तैयारी की है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने योजना बना ली है। योजना के मुताबिक जुलाई के पहले सप्ताह में विश्वविद्यालय अपनी काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी कर लेगा और 16 जुलाई से नवप्रवेशी छात्रों की कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो जाएगा।

गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के लिए आठ जून तक स्नातक व परास्नातक सत्र 2024-25 और शोध पात्रता परीक्षा-2023-24 के लिए पंजीकरण की तिथि निर्धारित की है। जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया होगा, उन्हें 10 जून तक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। जून के तीसरे हफ्ते में प्रवेश परीक्षा की तैयारी है।

जून के अंतिम हफ्ते में परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय व कालेजों में विद्यार्थियों नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम परीक्षा से पहले पूरा हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था को समयबद्ध किया जा रहा है।

कोशिश है कि सत्र 2024-25 में जुलाई महीने में ही यूजी-पीजी प्रथम सेमेस्टर कक्षाएं भी शुरू हो जाएं।

- सत्र को नियमित करने में जुटा गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन
- जुलाई के पहले सप्ताह में ही काउंसिलिंग पूरी करने की तैयारी

गोवि में बनेगा छोटा प्रेक्षागृह, 400 होगी क्षमता

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शोध का स्तर और उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय 28 करोड़ रुपये की लागत से एक नया चार मंजिला भवन बनाने जा रहा है, जिसमें एक छोटा प्रेक्षागृह बनाया जाएगा। 400 लोगों के बैठने की क्षमता वाले इस प्रेक्षागृह में संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं भी बनाई जाएंगी। अगले महीने से भवन निर्माण की प्रक्रिया गोवि प्रशासन शुरू कर देगा।

पीएम ऊषा योजना के तहत मिलने वाली धनराशि से विश्वविद्यालय इस भवन का निर्माण कराएगा। इसके लिए वजट का निर्धारण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि इसको एक साल के अंदर तैयार कर दिया जाए। इसके लिए परिसर में स्थान भी तय कर लिया गया है। विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के समने इसके निर्माण की योजना बनाई गई है। भवन में जिन प्रयोगशालाओं का निर्माण होना है, उसमें मटेरियल साइंस, हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग, मालिक्यूलर जेनेटिक्स, माइक्रोबियल और मेटा जीनामिक्स की प्रयोगशाला शामिल है। भवन में छात्रों और विश्वविद्यालय के कार्यों के लिए एक मीडिया स्टूडियो भी बनाया जाएगा। इसमें आनलाइन पढ़ाई की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर भी स्थापित किया जाएगा।

> विश्वविद्यालय में चार मंजिला भवन बनाने की योजना बनाई गई है। पीएम ऊषा से मिलने वाली धनराशि के एक हिस्से से इसका निर्माण होगा। शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इसमें कुछ अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इसके साथ ही 400 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस प्रेक्षागृह भी भवन का हिस्सा होगा।
>
> प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय

Amar Ujala page - 07

डीडीयू : 400 सीटों का बनेगा नया ऑडिटोरियम

शोध के लिए होगी हाईटेक लैब, विश्वविद्यालय में बनेगी चार मंजिला इमारत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शोध के स्तर और उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एक नई चार मंजिला इमारत बनाने जा रहा है, जिसमें कई हाईटेक लैब और 400 सीटों की क्षमता का नया ऑडिटोरियम बनेगा। अगले एक साल में इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

पीएम उषा के तहत मिले फंड से विश्वविद्यालय इस बिल्डिंग का निर्माण कराएगा। इसके लिए 28 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि इसको एक साल के अंदर तैयार कर दिया जाए। यह बिल्डिंग विश्वविद्यालय के बड़े मैदान में बनेगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाएं, ऑडिटोरियम, एक मीडिया स्टूडियो और कौशल विकास केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

28 करोड़ रुपये से होगा निर्माण, एक साल में होगा तैयार

हाई लेवल रिसर्च की लैब

डीडीयू में जल्द बनेगी 400 सीट की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

Amar Ujala Select Page 04

शोध के लिए होगी हाईटेक लैब, विश्वविद्यालय में बनेगी चार मंजिला इमारत

डीडीयू : 400 सीटों का बनेगा नया ऑडिटोरियम

गोरखपुर। शोध के स्तर और उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एक नई चार मंजिला इमारत बनाने जा रहा है, जिसमें कई हाईटेक लैब और 400 सीटों की क्षमता का नया ऑडिटोरियम बनेगा। अगले एक साल में इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

पीएम उषा के तहत मिले फंड से विश्वविद्यालय इस बिल्डिंग का निर्माण कराएगा। इसके लिए 28 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि इसको एक साल के अंदर तैयार कर दिया जाए। यह बिल्डिंग विश्वविद्यालय के बड़े मैदान में बनेगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाएं, ऑडिटोरियम, एक मीडिया स्टूडियो और कौशल विकास केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

मीडिया स्टूडियो और कौशल विकास केंद्र

> विश्वविद्यालय में चार मंजिला एक नई इमारत बनाने का प्रस्ताव है। पीएम उषा से मिलने वाले फंड से इसका निर्माण होगा। शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इसमें कुछ हाईटेक लैब बनाई जाएंगी। इसके साथ ही 400 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। –प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा ऑडिटोरियम

सेमिनार, लेक्चर आयोजित करने में सहूलियत मिलेगी।

हाई लेवल रिसर्च की लैब : शोध के स्तर को बढ़ाने के लिए कुछ हाई लेवल रिसर्च लैब बनेंगी। इसमें मटेरियल साइंस, हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग, मॉलिक्युलर जेनेटिक्स, माइक्रोबियल और मेटा जीनोमिक्स की लैब बनेंगी। इसमें सिंथेटिक और सोशलीयों को उनकी रिसर्च में लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय में अभी सभी लैब चालीं हैं। इस लैब के बन जाने से शोध की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

Hindustan Page 04, 05

डीडीयू में नए शैक्षिक वर्ष से सत्र नियमित करने की तैयारी

एडमिशन संग ही परीक्षा की टेंशन से मिलेगी मुक्ति

डीडीयू में जल्द बनेगा 400 सीट की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

तैयारी

एनईपी लागू होने के बाद से ही मुश्किलें

16 जुलाई से क्लासें भी शुरू करने की है योजना

नवनिर्माण

लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : कुलपति

मतदान में भागीदारी के लिए दिलाई शपथ

Hindustan- Kushinagar

मतदान कर लोकतंत्र को बनाएं मजबूत

हाटा, हिन्दुस्तान संवाद। किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय पैकौली हाटा के सभागार में रविवार को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में शिक्षण संस्थाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र एवं प्राचार्य, आचार्य उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इस क्षेत्र को पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है, हमें लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर यह साबित करना है कि बौद्धिक क्षेत्र में यह क्षेत्र पिछड़ा नहीं है। छात्रों की इसमें बड़ी भूमिका है। उन्हें चाहिए कि घर की महिला मतदाताओं को चुनाव के दिन घर से निकालकर मतदान के लिए प्रेरित करें। इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है, जिससे कि युवाओं के सहयोग से शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय पैकौली हाटा में लोकतंत्र में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका कार्यक्रम पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करती कुलपति प्रो. पूनम टंडन।

Danik Jagran - Kushinagar

बहुमत की सरकार के लिए मत प्रतिशत बढ़ाना जरूरी

जागरण संवाददाता, हाटा: लोकमत परिष्कार कार्यक्रम के तहत रविवार को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने वतमान चुनाव के आखिरी चरण में मत प्रतिशत बढ़े, इसके लिए सार्थक प्रयास किए। पैकौली स्थित किसान महाविद्यालय में प्रबुद्धजन के साथ बैठक कर लोकतंत्र में प्रत्येक मत का मूल्य बताया।

काहा कि विभिन्न स्तर के मतभेदों के बावजूद सहमति के न्यूनतम बिंदु का ही नाम लोकतंत्र होता है। देश में स्थिर सरकार बने, इसके लिए आपको अपने घरों से बाहर निकलना होगा। जो आने में असमर्थ हैं, उनके लिए आप स्वयं आलंबन बनकर उन्हें बूथ तक लेकर आएं।

कुशीनगर को मतदान में नंबर एक बनाने में प्राध्यापकों, विद्यालय प्रबंधकों, छात्रों सभी की विशेष भूमिका है। इस दौरान मतदान करने और करवाने की शपथ दिलाई।

विशिष्ट अतिथि मनोजकांत एवं प्रो अनुभूति दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक डा पंज्रशेखर सिंह, डा. आमोद कुमार राय, डा. शैलेश सिंह, डा. रजनीश श्रीवास्तव, सत्येंद्र शुक्ल, ममता पवन केडिया उपस्थित रहे।

हाटा के किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार में संगोष्ठी के दौरान मंचासीन गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन। (दाएं) वे अन्य। जागरण

Amar Ujala - Kushinagar

मतदान मजबूत लोकतंत्र का आधार

लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषयक संगोष्ठी में बोलीं गोविवि की कुलपति

संवाद न्यूज एजेंसी

संगोष्ठी को संबोधित करतीं गोविवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन। जागरण

बहुमत की सरकार तभी बनेगी जब आप मत प्रतिशत बढ़ा दें : प्रो पूनम टंडन

Swatantra Chetna Page - 02,04

बहुमत की सरकार तभी बनेगी जब आप मत प्रतिशत बढ़ा दें : प्रो पूनम टंडन

वैल्यू एडेड कोर्स का दूसरा दिन, कौशल वृद्धि पर हुई चर्चा

घर में घुसकर महिला को पीटा

वि.वि. ने शुरू किया विभागों के लिए विजन प्लान

☐ अकादमिक उत्कृष्टता और भविष्य की दिशा तय करेंगे विजन प्लान, इनके अनुरूप ही होगा संसाधनों का आवंटन

Rashtriya Sahara Page - 05, 06

गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुरू हुआ विभागों के लिए विजन प्लान

गोरखपुर (एसएनबी)। अकादमिक उत्कृष्टता और भविष्य के विकास की दिशा को तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सभी विभागों को विजन प्लान की प्रस्तुति 11 जून से प्रारंभ होगी।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन के मार्गदर्शन में 11 जून को निर्धारित प्रेजेंटेशन को तैयारी के लिए सभी विभागों को 10 मई 2024 तक अपनी विजन प्लान तैयार करने के लिए कहा गया था।

यह जानकारी कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने इस जानकारी देते हुए दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों को अपने-अपने विजन प्लान को प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए 10 मिनट का समय दिया गया है। इसके बाद 5 मिनट का समय प्रश्नोत्तरी के लिए दिया जाएगा।

■ अकादमिक उत्कृष्टता और भविष्य की दिशा तय करेंगे विजन प्लान, इनके अनुरूप ही होगा संसाधनों का आवंटन

प्रस्तुति विभागों को अपनी योजनाओं और दीर्घकालिक को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। विभागों के अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत विजन प्लान पर संस्थान आवंटन की दिशा में निर्णय लेने में सुविधा होगी।

सभी विभागाध्यक्षों से कहा गया है की वो विकास योजनाओं के आधार पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दें। इस प्रक्रिया का उद्देश्य संस्थान विभाग के संस्थित विकास को सुनिश्चित करने के साथ साथ विश्वविद्यालय के समग्र विकास को भी गति प्रदान करना। इस अनुठा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, यह अभ्यास हमारे विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को एसईपी 2020 के साथ संरेखित करने में महत्वपूर्ण है, जो हमारे शैक्षणिक कुशियों ढांचे और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है। विजन प्लान हमें अपने बौद्धिक मानकों और संस्थागत रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने में मदद करेगा।

Inext Page - 02, 04

नेट एप्लाएरेंट्स को तीन दिन 'संघान' देगा डीडीयू

डीडीयूजीयू बनेगा एक छोटा ज्ञेयानुष 400 होगी क्षमता

डीडीयूजीयू के सभी डिपार्टमेंट पेश करेंगे पांच साल का विजन प्लान

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (26 May): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में एकेडमिक एक्सीलेंस और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए अब सभी डिपार्टमेंट्स अपना विजन प्लान पेश करेंगे। इसमें डिपार्टमेंट्स को आने वाले एक साल, तीन साल और पांच साल का प्लान बताना होगा. वीसी प्रोफेसर पूनम टंडन के सामने 11 जून को होने वाले प्रजेंटेशन के बाद इस पर फाइनल मुहर लगेगी. इसके बाद प्लान के मुताबिक ही यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट एकडेमिकल एक्टिविटीज को संचालित करेंगे. एकडेमिकली ओर से पेश किए जाने वाले इस विजन के तीन साल और पांच साल के लिए तैयार किया जाएगा. इसमें यूनिवर्सिटी को एजुकेशनल क्वालिटी, टीचिंग, लर्निंग, रिसर्च, इनोवेशंस और रैंकिंग को बढ़ाने पर ही ज्यादा किया जाएगा. सभी डिपार्टमेंट के विजन प्लान पेशकश एजुकेशन पॉलिसी 2020 पर आधारित होगी. विजन प्लान के मुताबिक ही डिपार्टमेंट को पीएम उषा योजना से मिलने वाली ग्रांट का डिस्ट्रीब्यूशन किया जाएगा. वीसी प्रो. टंडन ने बताया कि विजन प्लान से एजेंपी आधारित एजुकेशन की योजना को और अधिक प्रभाव से लागू किया जा सकेगा. इससे हमें एकेडमिक एक्सीलेंस और रैंकिंग में मदद मिलेगी.

मुताबिक ही यूनिवर्सिटी इन्टूमेंट्स का डिस्ट्रीब्यूसन करेगी. 10 जून तक सभी डिपार्टमेंट्स को अपने विजन प्लान का ग्राफ प्रजेंटेशन तैयार कर लेना होगा.

तीन तरीके का लेगा विजन प्लान

डीडीयूजीयू के डिपार्टमेंट्स को ओर से बनने वाले विजन प्लान को एक साल,



डीडीयू में 16 जुलाई से न्यू स्टूडेंट्स की चलेंगी क्लासेज

सत्र को नियमित करने में जुटा गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (26 May): परीक्षा के अनियमित आयोजन की शिकायतों को दूर करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने सत्र को नियमित करने की तैयारी की है. इसके लिए विश्वविद्यालय ने योजना बना ली है. योजना के मुताबिक जुलाई के पहले सप्ताह में विश्वविद्यालय अपनी काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी कर लेगा और 16 जुलाई से नवप्रवेशी छात्रों की कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो जाएगा.

विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के लिए आठ जून तक स्नातक व परास्नातक सत्र 2024-25 और शोध पात्रता परीक्षा-2023-24 के लिए पंजीकरण की तिथि निर्धारित की है. जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया होगा, उन्हें 10 जून तक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा. प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 15 जून निर्धारित की गई है. जून के तीसरे हफ्ते में प्रवेश परीक्षा की तैयारी है. जून के अंतिम हफ्ते में परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय व कालेजों में विद्यार्थियों नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम परीक्षा से पहले पूरा हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था को समयबद्ध किया जा रहा है. कोशिश है कि सत्र 2024-25 में जुलाई महीने में ही यूजी-पीजी प्रथम सेमेस्टर कक्षाएं भी शुरू हो जाएं.

Swatantra Bharat

लोकतंत्र में प्रत्येक मत है बहुमूल्य : कुलपति

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने लोकमत परिष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जनता से अपील किया और कहा कि वर्तमान चुनाव के आखरी चरण में मत प्रतिशत बढ़े और देश में स्थिर सरकार बने इसके लिए आपको अपने घरों से बाहर निकलना पड़ेगा।

मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर हाटा के पैकौली स्थित किसान महाविद्यालय में एक प्रबुद्ध जनों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का अपना विशेष मूल्य होता है। सभा में पूरे कुशीनगर जिले से प्राध्यापक, प्रबंधक, छात्र और प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति विशेष रूप से थी। विभिन्न तरह के मतभेदों के बावजूद सहमति के न्यूनतम बिंदु का ही नाम लोकतंत्र होता है। देश में स्थिर सरकार बने इसके लिए आपको अपने घरों से बाहर निकलना होगा। कुशीनगर को मतदान के विषय में नम्बर एक बनाने में प्राध्यापकों, प्रबंधकों, छात्रों सभी की विशेष भूमिका है। सभा को विशिष्ट अतिथि के तौर पर मनोजकांत एवं प्रो अनुभूति दुबे ने भी संबोधित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन डा चंद्रशेखर सिंह, डा आमोद कुमार राय, डा शैलेश सिंह एवं डा रजनीश श्रीवास्तव ने किया। संचालन सत्येंद्र शुक्ल ने किया और प्रस्तावकिकी ममता मणि ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश सिंह, पवन केडिया, अश्वनी तिवारी, प्रो ममता मणि त्रिपाठी, प्रो सुरभा पांडेय, डा सौमी सिंह, डा विवेक श्रीवास्तव आदि ने किया। इस कार्यक्रम के बाद कुलपति परशा गांव स्थित अजनीतल विद्यालय भी गई जहां उपस्थित स्थानत सथान तिवारी ने किया।

वैल्यू एडेड कोर्स के दूसरे दिन कौशल वृद्धि पर हुई चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में ऑनलाइन वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत 25 मई को हुई। इस कोर्स का विषय अंतर्वैयक्तिक संबंध कौशल वृद्धि है। कुलपति प्रो पूनम टण्डन के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय कार्यक्रम का दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में एसएसजे विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में आईसीएसएसआर सीनियर रिसर्च फेलो, प्रो. आराधना शुक्ला ने अंतर व्यक्तित्व संबंधों में प्रभावी संचार विषय पर अपनी बात रखी। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर शुक्ला ने स्पष्टता, परिशुद्धता, भाषा, समय और विराम के महत्व को विभिन्न उदहारण के माध्यम से प्रस्तुत किया और कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम संचार को पारस्परिक ढंग से संचालित करें, इस के लिए वक्ता और श्रोता एक ही मंच पर होने चाहिए। सत्र के दूसरे मुख्य वक्ता सहयुक्त आचार्य, मनोविज्ञान विभाग डॉ विस्मिता पालीवाला ने अपनी उद्बोधन में अंतर व्यक्तित्व संबंधों में व्यक्तिगत भिन्नताओं की भूमिका के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाया। व्यक्तिगत भिन्नताओं में शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दोनों तरह के भिन्नता शामिल हैं। डॉ पालीवाल ने यह बताया कि ये अंतर ही पारस्परिक संबंधों के भीतर हमारे सुविधा और असुविधा का क्षेत्र बनाते हैं।

घर से निकलकर जरूर वोट डालें : कुलपति

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में आयोजित मतदाता जागरूकता मैराथन प्रतियोगिता में चार लोग प्रतिभागी।

गोरखपुर (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एबीवीपी ने रविवार को रन फॉर वोटर अवेनेस कार्यक्रम आयोजित किया। बुद्ध निशान गेट से गोविंद कुलपति प्रो. पूनम टंडन, एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संयोजक अक्षुतोष व नवलगढ़ अध्यक्ष डा. विवेक साही ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत में लोकतंत्र के मजबूत ही रहे हैं। भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है कि वह घर से निकलकर वोट जरूर डाले और एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करे। खेलो भारत के राष्ट्रीय सह संयोजक अक्षुतोष ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की अपना लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भाग्यिक की नींव रखता है। इस दौरान सुभाष पांडेय, महानगर मंत्री शुभम पोरिया, रवन, आशिल्प प्रताप सिंह, संजय पांडेय, परमानाथ पांडेय, अशुतथ सिंह, शीरथ वीरेश, आशिल, आशीष शिवाही, वैभव सिंह, अभिषेक मौर्य, प्रभात राय आदि उपस्थित रहे।

■ रन फॉर वोटर अवेनेस कार्यक्रम